लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जयपुर में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे

...

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का आयोजन 11-12 जनवरी, 2023 को जयपुर में होगा।

...

भारत के उपराष्ट्रपति सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

...

राजस्थान के राज्यपाल और मुख्यमंत्री; केंद्रीय मंत्री; राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष और अन्य विशिष्टजन सम्मेलन में भाग लेंगे

...

एआईपीओसी में भारत द्वारा इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता किए जाने सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी

...

सम्मेलन में विधायिका और न्यायपालिका के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधो पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा

...

डिजिटल संसद के साथ राज्य विधानमंडलों को जोड़ने और विधायी निकायों की जवाबदेही के विषय भी इस सम्मेलन की कार्यसूची में शामिल हैं

...

नई दिल्ली; 9 जनवरी, 2023 : अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का 83वां सम्मेलन 10 – 12 जनवरी, 2023 को राजस्थान विधान सभा, जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ 11 जनवरी, 2023 को सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे और विशिष्ट सभा को संबोधित करेंगे। लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; राजस्थान के मुख्य मंत्री श्री अशोक गहलोत; राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश; और राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष, डॉ. सी. पी. जोशी उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाएंगे और विशिष्टजनों को संबोधित करेंगे।

83वें AIPOC में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा होगी:

I. लोकतंत्र की जननी के रूप में जी-20 में भारत का नेतृत्व;
II. संसद और विधान मंडलों को अधिक प्रभावी, जवाबदेह, और उपयोगी बनाने की आवश्यकता;
III. डिजिटल संसद के साथ राज्य विधान मंडलों को जोड़ना; और
IV. संविधान के आदर्शों के अनुरूप विधायिका और न्यायपालिका के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने की आवश्यकता।

83वें AIPOC से पहले 10 जनवरी 2023 को भारत के विधायी निकायों के सचिवों का 59 वां सम्मेलन होगा। भारत के विधायी निकायों के सचिवों के 59वें सम्मेलन में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा होगी:

I. राज्य विधान मंडलों में समिति प्रणाली को मजबूत करके कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करना;
II. डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से भारत के विधायी निकायों को जोड़ना; और
III. विधान मंडलों की पहुँच का विस्तार करके भारत के विधायी निकायों को लोगों के करीब लाना

83वें AIPOC का समापन सत्र 12 जनवरी 2023 को होगा। राजस्थान के राज्यपाल, श्री कलराज मिश्र समापन भाषण देंगे। समापन सत्र में लोक सभा अध्यक्ष, राजस्थान के मुख्यमंत्री, राज्य सभा के उपसभापति और राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष भी शामिल होंगे।

इस सम्मेलन के दौरान संसद ग्रंथालय द्वारा एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है।

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन की शुरुआत 1921 में हुई। वर्षों से यह सम्मेलन लोकतान्त्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए नए अनुभवों और विचारों को साझा करने के लिए एक प्रभावी मंच सिद्ध हुआ है।

AIPOC भारत के विधान मंडलों का सर्वोच्च निकाय है और इसका शताब्दी वर्ष समारोह 2021 में शिमला, हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया गया था।

इससे पहले जयपुर में AIPOC का आयोजन 1957, 1978 और 2011 में किया गया था। इस वर्ष AIPOC का आयोजन जयपुर में चौथी बार किया जा रहा है।